**मण्डलायुक्त महोदया, अलीगढ़ की अध्यक्षता में दिनांक 09.07.2026 को वी0सी0 के माध्यम से "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यों की सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

**दिनांक 09.07.2026** को **"जल जीवन मिशन(ग्रामीण)"** योजनान्तर्गत किये गये कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें कार्यों की प्रगति के साथ-साथ अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 30/2026/1499/छिहत्तर-1-2026(CN2027542) दिनांक 08.07.2026 में प्रदत्त निर्देशों के बिन्दुओं पर भी समीक्षा की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सम्मिलित रहे:-

1. समस्त जिलाधिकारी, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ मण्डल अलीगढ़।
3. उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, अलीगढ़।
4. समस्त जिला पंचायतीराज अधिकारी, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज-एटा।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
8. टीम लीडर, टी0पी0आई0, अलीगढ़।
9. डीपीएम, टी0पी0आई0, हाथरस/एटा/कासगंज/अलीगढ़।
10. मण्डल के अन्तर्गत कार्यरत सभी कार्यदायी फर्मों के प्रतिनिधि।

**बैठक का बिन्दुवार विवरण इस प्रकार है-**

1. **जनपद अलीगढ़:-** अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अलीगढ़ के अन्तर्गत कुल 1124 राजस्व ग्रामों में से 54 नग राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित 43 नग पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। जिनका संचालन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा था। शासन की नवीन अनुरक्षण नीति-2024 के क्रम में सूचीबद्ध फर्म मै0 प्रवीन इलैक्ट्रीकल्स द्वारा माह जून 2025 से 10 वर्षों तक संचालन एवं अनुरक्षण हेतु टैकऑवर लेते हुये सुदृढ़ीकरण हेतु प्राक्कलन मुख्यालय प्रेषित किये जा चुके हैं तथा 33 नग योजनाओं पर आंशिक मरम्मत कर 40 नग राजस्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है तथा शेष कार्य प्रगति में है। अवशेष 1070 ग्रामों को जल जीवन मिशन में सम्मिलित करते हुये निम्नवत सूचीबद्ध फर्मों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है।

   **(i) ऑयन एक्सचेंज:-** फर्म मै0 ऑयन एक्सचेंज (इ0)लि0 द्वारा जनपद में आवंटित 208 राजस्व ग्रामों में 155 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप-155 नग, शिरोपरि जलाशय-155 नग एवं गृहजल संयोजन-77075 नग के सापेक्ष नलकूप-154 नग, शिरोपरि जलाशय-58 नग एवं गृहजल संयोजन- 75616 नग का कार्य पूर्ण करते हुये, 18 नग योजनाओं को संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित किया गया हैं, जिनके द्वारा 19 नग ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 86 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है। फर्म

के 12 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया जा चुका है।

(ii) **पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 (जेवी):–** फर्म मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 (जेवी)द्वारा जनपद में आवंटित 655 राजस्व ग्रामों में 418 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप 418 नग, शिरोपरि जलाशय 418 नग एवं गृहजल संयोजन 253007 नग के सापेक्ष नलकूप 418 नग, शिरोपरि जलाशय 126 नग एवं गृहजल संयोजन 248318 नग का कार्य पूर्ण करते हुये 53 नग योजनाओं को संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित किया गया हैं, जिनके द्वारा 85 नग ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 398 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है। फर्म के 76 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया जा चुका है।

(iii) **के0पी0टी0एल0:–**फर्म मै0 के0पी0टी0एल0 द्वारा जनपद में आवंटित 207 राजस्व ग्रामों में 151 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप– 158 नग, शिरोपरि जलाशय– 156 नग एवं गृहजल संयोजन– 63794 नग के सापेक्ष नलकूप– 158 नग, शिरोपरि जलाशय– 131 नग एवं गृहजल संयोजन– 62144 नग का कार्य पूर्ण करते हुये, 61 नग योजनाओं को संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित किया गया हैं, जिनके द्वारा 77 नग ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 64 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहितको ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है। फर्म के 34 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया गया है ।

मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में जनपद अलीगढ़ में ओ0 एण्ड एम0 में सम्मिलित योजनाओं की त्रिस्तरीय समिति गठित कर जाँच करायी जा रही है जिसमें जनपद स्तरीय समिति की जाँच रिपोर्ट भी प्राप्त हो चुकी है। शेष 02 स्तर की समितियों की जाँच प्रक्रियाधीन है। अधीक्षण अभियन्ता, द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अलीगढ़ में 05 नग पूर्ण योजनाओं का जल अर्पण कार्यक्रम माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वार अन्य जनपदों में भी इसी तरह जाँच कराने के निर्देश दिये गये।

2. **जनपद हाथरस:–** अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हाथरस के अन्तर्गत कुल 646 राजस्व ग्रामों में से 46 नग राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित 39 नग पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। जिनका संचालन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा था। शासन की नवीन अनुरक्षण नीति 2024 के क्रम में सूचीबद्ध फर्म मै0 प्रवीन इलैक्ट्रीकल्स द्वारा माह जून 2025 से 10 वर्षों तक संचालन एवं अनुरक्षण हेतु टैक ऑवर लेते हुये सुदृढ़ीकरण हेतु प्राक्कलन मुख्यालय प्रेषित किये जा चुके हैं, 29 नग योजनाओं पर आंशिक मरम्मत कर 34 नग राजस्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है, तथा 12 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ करने का कार्य प्रगति में है। अवशेष 600 नग राजस्व ग्रामों को जल जीवन मिशन में सम्मिलित करते हुये निम्नवत फर्मों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है।

(i) **ऑयन एक्सचेंज:–**फर्म मै0 ऑयन एक्सचेंज (इ0) लि0 द्वारा जनपद में आवंटित 104 राजस्व ग्रामों में 28 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप– 96 नग, शिरोपरि जलाशय– 81 नग एवं गृहजल संयोजन– 43298 नग के सापेक्ष नलकूप– 88 नग, शिरोपरि जलाशय–26

नग एवं गृहजल संयोजन–43189 नग का कार्य पूर्ण करते हुये, 54 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। फर्म के 06 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया गया है।

(ii) **बी0जी0सी0सी0पी0एल0–रामकी(जे0वी0):–** फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0–रामकी(जे0वी0)द्वारा जनपद में आवंटित 495 नग राजस्व ग्रामों में 252 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप 364 नग, शिरोपरि जलाशय 255 नग एवं गृहजल संयोजन 132375 नग के सापेक्ष नलकूप 354 नग, शिरोपरि जलाशय 90 नग एवं गृहजल संयोजन 128682 नग का कार्य पूर्ण करते हुये 19 नग योजनाओं को संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित किया गया हैं, जिसके द्वारा 40 नग ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 138 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है। फर्म के 17 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया जा चुका है।

मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि वि0ख0 सासनी की बिलखौरा कलाँ पेयजल योजना के दोनो नलकूप व शिरोपरि जलाशय भी निर्मित कर लिया गया है किन्तु लगभग 2.0 कि0मी0 राइजिंग मैन फोरेस्ट एरिया में आने तथा NOC लम्बित रहने के कारण 01 नग योजना को शिरोपरि जलाशय से संयोजित नहीं किया जा सका है। अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 01 नलकूप को क्रियाशील कर योजना क्रियाशील है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी–हाथरस को निर्देश दिये कि विशेष रूचि लेकर NOC प्राप्त कर कार्य पूर्ण करायें।

3. **जनपद कासगंज:–** अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कासगंज के अन्तर्गत कुल 651 नग राजस्व ग्रामों में से 26 नग राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित 23 नग पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। जिनका संचालन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा था। शासन की नवीन अनुरक्षण नीति 2024 के क्रम में सूचीबद्ध फर्म मै0 प्रवीन इलैक्ट्रीकल्स द्वारा माह जून 2025 से 10 वर्षों तक संचालन एवं अनुरक्षण हेतु टैक ऑवर लेते हुये सुदृढ़ीकरण हेतु प्राक्कलन मुख्यालय प्रेषित किये जा चुके है। 20 नग योजनाओं पर आंशिक मरम्मत कर 23 नग राजस्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है, तथा 03 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ करने का कार्य प्रगति में है। अवशेष 625 नग राजस्व ग्रामों को जल जीवन मिशन में सम्मिलित कर निम्नवत फर्मों के माध्यम कार्य कराया जा रहा है।

(i) **ऑयन एक्सचेंज:–** फर्म मै0 ऑयन एक्सचेंज (इ0)लि0 द्वारा जनपद में आवंटित 10 राजस्व ग्रामों में 09 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप 15 नग, शिरोपरि जलाशय 15 नग एवं गृहजल संयोजन 9492 नग के सापेक्ष नलकूप 15 नग, शिरोपरि जलाशय 09 नग एवं गृहजल संयोजन 9122 नग का कार्य पूर्ण करते हुये 05 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति की जा रही है।

(ii) **पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 (जेवी):–** फर्म मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 (जेवी)द्वारा जनपद में आवंटित 615 राजस्व ग्रामों में 381 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप 382 नग, शिरोपरि जलाशय 377 नग एवं गृहजल संयोजन 203986 नग के सापेक्ष नलकूप 382 नग, शिरोपरि जलाशय 126 नग एवं गृहजल संयोजन 181279 नग का कार्य पूर्ण करते हुये 84 नग योजनाओं को संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित किया गया हैं, जिनके द्वारा 134 नग ग्रामों में नियमित

जलापूर्ति की जा रही है तथा 256 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। फर्म के 148 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया जा चुका है।

4. **जनपद एटा:–** अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद एटा के अन्तर्गत कुल 848 नग राजस्व ग्रामों में से 83 नग राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित 64 नग पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। जिनका संचालन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा था। शासन की नवीन अनुरक्षण नीति 2024 के क्रम में सूचीबद्ध फर्म मै0 बी0के0 कन्स्ट्रक्शन द्वारा माह जून 2025 से 10 वर्षों तक संचालन एवं अनुरक्षण हेतु टैक ऑवर लेते हुये सुदृढ़ीकरण प्राक्कलन मुख्यालय प्रेशित किये जा चुके है। 36 नग योजनाओं पर आंशिक मरम्मत कर 49 नग रास्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी हैं, तथा 34 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ करने का कार्य प्रगति में है। अवशेष 765 नग राजस्व ग्रामों को जल जीवन मिशन में सम्मिलित करते हुये निम्नवत फर्मों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है।

**(i) पॉवरमैक प्राजेक्ट लि0:–** फर्म मै0 पॉवर मैक प्राजेक्ट लि0द्वारा जनपद में आवंटित 511 राजस्व ग्रामों में 316 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप 410 नग, शिरोपरि जलाशय 315 नग एवं गृहजल संयोजन 159376 नग के सापेक्ष नलकूप 405 नग, शिरोपरि जलाशय 111 नग एवं गृहजल संयोजन 156851 नग का कार्य पूर्ण करते हुये 94 नग योजनाओं को संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित किया गया हैं, जिनके द्वारा 156 नग ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 157 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है। फर्म के 35 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया जा चुका है।

**(ii) के0पी0टी0एल0:–** फर्म मै0 के0पी0टी0एल0 द्वारा जनपद में आवंटित 207 राजस्व ग्रामों में 144 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप 147 नग, शिरोपरि जलाशय 125 नग एवं गृहजल संयोजन 56170 नग के सापेक्ष नलकूप 141 नग, शिरोपरि जलाशय 83 नग एवं गृहजल संयोजन 54056 नग का कार्य पूर्ण करते हुये 32 नग योजनाओं को संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित किया गया हैं, जिनके द्वारा 47 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 77 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है। फर्म के 31 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया जा चुका है।

**(iii)ऑयन एक्सचेंज:–** फर्म मै0 ऑयन एक्सचेंज (इ0) लि0 द्वारा जनपद में आवंटित 47 राजस्व ग्रामों में 29 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा नलकूप 35 नग, शिरोपरि जलाशय 31 नग एवं गृहजल संयोजन 18091 नग के सापेक्ष नलकूप 32 नग, शिरोपरि जलाशय 10 नग एवं गृहजल संयोजन 17523 नग का कार्य पूर्ण करते हुये 09 नग राजस्व ग्रामों में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। फर्म के 02 नग राजस्व ग्रामों को सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा हर घर जल प्रमाणित भी किया जा चुका है।

इसके पश्चात अधीक्षण अभियन्ता द्वारा सभी जनपदों के डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड का अवलोकन कराते हुये अवगत कराया गया कि डैशबोर्ड पर ऑटोमेशन पूर्ण हो चुकी योजनाओं को लाइव देखा जा सकता है। डैशवोर्ड पर सभी डाटा ग्रामवार उपलब्ध हैं। महोदया द्वारा सभी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी को भी डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड

का नियमित अवलोकन के निर्देश दिये गये। अग्रेतर अपर मुख्य सचिव, महोदय के पत्र में इंगित बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी तथा निम्नानुसार निर्देश दिये गये।

1. अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मण्डल में सभी रेट्रोफिटिंग योजनायें पूर्ण की जा चुकी हैं, केवल जनपद एटा में 01 निर्माणाधीन योजना शेष है जिसे माह जुलाई 2026 मासान्त तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। निर्देश दिये गये कि समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करा लिया जाये।
2. निर्देशित किया गया कि जो योजनायें ट्रायल एण्ड रन में उन्हें शीघ्र ओ0 एण्ड एम0 में सम्मिलित किया जाये, जिस पर अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में ट्रायल एण्ड रन के 03 माह पूर्ण योजना को संचालन एवं रखरखाव में जुलाई 2026 तक सम्मिलित कराते हुये अन्य योजनाओं को ट्रायल एण्ड रन में सम्मिलित की जायेगी।
3. जो योजनायें ओ0 एण्ड एम0 में सम्मिलित हैं उन पर नियमित जलापूर्ति की जाये।
4. जो योजनायें निर्माणाधीन हैं उन पर यथा सम्भव सीधे पम्पिंग द्वारा जलापूर्ति की जाये तथा विशेष ध्यान रखा जाये कि जलापूर्ति क्लोरीनेशन उपरान्त ही हो।
5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि रोड रेस्टोरेशन की सूचना ग्रामवार/रोड के प्रकार सहित लम्बाई में प्रदर्शित की जाये, अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त सूचना jjm.gov.up.in पर Table no. 120 में प्रदर्शित है एवं एक सप्ताह में पूर्ण डाटा प्रदर्शित कर दिया जायेगा।
6. जिन ग्रामों में नियमित जलापूर्ति में बाधायें आ रही हैं उन्हें तत्काल दूर कराया जायें, सभी मुख्य विकास अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें।
7. जिन राजस्व ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनमें सभी मुख्य विकास अधिकारी विशेष रूचि लेकर हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण कराये।
8. अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में मण्डल अन्तर्गत जनपद हाथरस में 11 नग जलकल प्रांगण हेतु भूमि अप्राप्त/विवाद है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित जिलाधिकारी को यथाशीघ्र शत–प्रतिशत विवाद निस्तारण/भूमि उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

**अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।**

(संगीता सिंह)
आयुक्त,
अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़

## कार्यालय आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।

**पत्रांक 534/जी0सी0–बैठक कार्यवृत्त/2026–27** **दिनांक– 14/07/2026**

1. जिलाधिकारी, अलीगढ़/हाथरस/कासगंज/एटा।
2. मुख्य विकास अधिकरी, अलीगढ़/हाथरस/कासगंज/एटा।
3. उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, अलीगढ़।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़/हाथरस/कासगंज–एटा।
6. टीम लीडर, टी0पी0आई (मै0 आरवी एसोसियेट्स), अलीगढ़।

14/07/2026
**संयुक्त विकास आयुक्त,**
**अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़**